3. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : 4×1=4

(i) "चित्रकूट जनु अचल अहेरी ।" — इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है :

(a) उत्प्रेक्षा
(b) मानवीकरण
(c) अतिशयोक्ति
(d) श्लेष

(ii) निम्नलिखित में कौन-सा अलंकार है ?
"चाहनहार सुवर्ण के, कविजन और सुनार ।"

(a) उत्प्रेक्षा
(b) मानवीकरण
(c) अतिशयोक्ति
(d) श्लेष

(iii) "कढ़त साथ म्यान तें, असि रिपु तन ते प्रान" पंक्ति में अलंकार बताइए :

(a) उत्प्रेक्षा
(b) मानवीकरण
(c) अतिशयोक्ति
(d) श्लेष

(iv) "दिवसावसान का समय, मेघ आसमान से उतर रही ।
वह संध्या सुंदरी परी-सी, धीरे-धीरे-धीरे ।"
— काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है :

(a) मानवीकरण
(b) श्लेष
(c) उत्प्रेक्षा
(d) अतिशयोक्ति

(v) "खड़-खड़ करताल बजा रही विशुद्ध हवा" — इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(a) अतिशयोक्ति
(b) मानवीकरण
(c) उत्प्रेक्षा
(d) श्लेष



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

4. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित निम्नलिखित वाक्य के पाँच रेखांकित पदों में से किन्हीं ***चार*** के पद-परिचय के लिए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

"पारंपरिक लोकगीतों एवं चैती में शहनाई का उल्लेख बार-बार मिलता है।"

(i) पारंपरिक

(a) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
(b) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
(c) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, 'लोकगीतों' – विशेष्य
(d) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'लोकगीतों' – विशेष्य

(ii) लोकगीतों

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, अधिकरण कारक
(b) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, अधिकरण कारक
(c) जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, संप्रदान कारक
(d) जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, अधिकरण कारक

(iii) एवं

(a) समुच्चयबोधक, समानाधिकरण योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है
(b) समुच्चयबोधक, समानाधिकरण योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है
(c) समुच्चयबोधक, व्यधिकरण योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है
(d) समुच्चयबोधक, व्यधिकरण योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है

(iv) बार-बार

(a) कालवाचक क्रिया-विशेषण, 'मिलता' क्रिया की विशेषता
(b) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण, 'मिलता' क्रिया की विशेषता
(c) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, 'मिलता' क्रिया की विशेषता
(d) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण, 'मिलता' क्रिया की विशेषता

(v) मिलता

(a) अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, भूतकाल
(b) अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मवाच्य, वर्तमान काल
(c) सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, वर्तमान काल
(d) सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मवाच्य, वर्तमान काल

StudentSuvidha.com
downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा वाक्य भाववाच्य का उदाहरण है ?

(a) वे मानव-मूल्यों के उपासक कवि थे ।

(b) रमा द्वारा कैसे जागा जाएगा ?

(c) यह अंश रामचरितमानस के बालकांड से लिया गया है ।

(d) उन्होंने शोषक वर्ग को ललकारा ।

**6.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य का कौन-सा उदाहरण है ?

(a) काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है ।

(b) वे जब भी काशी से बाहर रहते तब विश्वनाथ व बालाजी के मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते ।

(c) यह आयोजन कई बरसों से होता आया है ।

(d) सम पर आने की तमीज़ उन्हें बचपन में ही आ गई थी, मगर बच्चे को दाद देनी नहीं आती थी ।

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य का कौन-सा उदाहरण है ?

(a) एक बड़े कलाकार का सहज मानवीय रूप ऐसे अवसर पर आसानी से दिख जाता है ।

(b) काशी में बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ एक-दूसरे के पूरक रहे हैं ।

(c) अब आपको भारत रत्न मिल चुका है, यह फटी तहमद न पहना करें ।

(d) यतींद्र मिश्र संगीत की शास्त्रीय परंपरा के गहरे जानकार हैं ।



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

